राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने कहा, आत्मनिर्भर भारत की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम, राजस्थान का होगा तेजी से औद्योगिक विकास

न्यू रेवाड़ी–न्यू मदार खंड एवं विश्व का पहला डबल स्टैक लांग हॉल कंटेनर ट्रेन आपरेशंस देश को समर्पित

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को दी बधाई

जयपुर, 7 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुरुवार को वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डब्ल्यूडीएफसी) के 306 किमी लंबे न्यू रेवाड़ी–न्यू मदार खंड को राष्ट्र को समर्पित करने और न्यू अटेली से न्यू किशनगढ़ के लिए विश्व के पहले डबल स्टैक लांग हॉल कंटेनर ट्रेन आपरेशंस को झंडी दिखाकर रवाना करने पर प्रसन्नता जताते हुए देश और प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के लिए यह केंद्र सरकार की ऐतिहासिक विकास पहल है। इस नए रेल मालवाहन गलियारे के खुल जाने से देश का पश्चिमी और पूर्वी मालवाहन गलियारा एक दूसरे से जुड़ेगा ही नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी यह बेहद महत्वपूर्ण कदम है।

श्री मिश्र ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इससे राजस्थान में तेजी से औद्योगिक विकास होगा और कृषि उत्पादों को भी नए बाजार मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे अजमेर का गुलाब, किशनगढ़ का मार्बल, राजस्थान के बाजरा, सरसों आदि फसलों का और अधिक प्रभावी ढंग से देश–विदेश में विपणन हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डब्ल्यूडीएफसी) के 306 किमी लंबे न्यू रेवाड़ी–न्यू मदार खंड को राष्ट्र को समर्पित किया। साथ ही न्यू अटेली से न्यू किशनगढ़ के लिए विश्व के पहले डबल स्टैक लांग हॉल कंटेनर ट्रेन आपरेशंस को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, हरियाणा के राज्यपाल श्री सत्यदेव नारायण आर्य और मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय रेलमंत्री श्री पीयूष गोयल ऑनलाइन उपस्थित थे।

———